## एक नजर में

### डॉ. यशोधरा भटनागर को आजीवन उपलब्धि सम्मान



**देवास।** संस्कारधानी जबलपुर में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित हुआ। गोपाल सदन में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय सहित प्रदेश महामंत्री विश्वमोहन कुलश्रेष्ठ, प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव द्वारा जबलपुर महापौर जगत बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य में डॉ.यशोधरा भटनागर को उनके साहित्यिक अवदान के लिए आजीवन उपलब्धि सम्मान से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. यशोधरा भटनागर को हाल ही में उनकी कृति 'एक मुट्ठी मिट्टी' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार घोषित हुआ है। इस अवसर पर शिक्षा,कला, चिकित्सा एवं आध्यात्म को क्षेत्र की पैंतीस विभूतियों को भी उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देवास से अनुपमा श्रीवास्तव (महिला प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा,मध्यप्रदेश), एवं देवेंद्र कुलश्रेष्ठ (जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा) सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए।

### नीट पेपर लीक के कारण जान देने वाले विद्यार्थियों को दी श्रद्धांजलि

**देवास।** युवा भगत ब्रिगेड के साथियों द्वारा स्थानीय सयाजी द्वार पर नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के कारण जिन छात्र छात्राओं ने अपने प्राण त्याग दिये उन सभी छात्र छात्राओं को मोमबत्ती जलाकर एवं दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। युवा ब्रिगेड के संस्थापक अंकित अमझेरिया ने बताया कि सरकार की लापरवाही के कारण नीट परीक्षा का पेपर लीक हुए जिसके कारण कई छात्र छात्राओं ने अपनी जान दे दी। जिन छात्र छात्राओं को भरोसा था कि हमारे द्वारा दी गई परीक्षा में हम सफल होंगे लेकिन सिस्टम की लापवाही के कारण उनके दिलों दिमाग पर गहरा आघात हुआ और उन्होंने आत्महत्या का रास्ता चुना। दिग्विजयसिंह झाला ने बताया कि आज हम उन होनहार बच्चों को याद कर रहे है जो सिस्टम की नाकामी की वजह से हम से बिछुड गए, हम उनके परिवार के साथ हैं, हमें मिलकर ऐसा सिस्टम बनाना चाहिये जहां किसी बच्चे को अपनी जान देने की नौबत न आए। इस अवसर पर आशुतोष पांडे, राहुल यादव, अभिराजसिंह दरबार, अमन श्रीवास, कुणाल चौहान, ध्रुव खत्री, भूपेन्द्र पटेल, कान्हा खत्री, राजवीर राजपूत, आदित्य यादव, आर्यन सिंह, प्रयाग ठाकुर, महेश सोनी, रूपेश शर्मा, आयुष श्रीवास, सुयश पासी, जयंत वर्मा आदि उपस्थित थे।

### महिलाओं के सम्मान की अनूठी पहल




**भौंरासा निप्र,** देवास-भोपाल कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड के वर्टिस फाउंडेशन की सीएसआर प्रबंधन टीम ने महिलाओं की गरिमा, सम्मान और सुरक्षित यात्रा को ध्यान में रखते हुए एक सराहनीय पहल की है। आज से फंदा, अमलाहा एवं भोरासा टोल प्लाजा के सार्वजनिक महिला शौचालयों में सेनेट्री पैड वेंडिंग मशीन की सुविधा शुरू कर दी गई है। अब यात्रा के दौरान आवश्यकता पड़ने पर महिलाएं मात्र ?1 का सिक्का डालकर आसानी से सेनेट्री पैड प्राप्त कर सकेंगी। इस अवसर पर सीएसआर प्रबंधन टीम ने बताया कि यात्रा के दौरान कई बार प्राकृतिक कारणों से महिलाओं को असहज परिस्थितियों और शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। इसी संवेदनशील विषय को ध्यान में रखते हुए तीनों टोल प्लाजा पर यह सुविधा प्रारंभ की गई है, ताकि हर महिला सम्मान और आत्मविश्वास के साथ अपनी यात्रा जारी रख सके। यह जनहितकारी पहल सम्माननीय डीजीएम परियोजना श्री अजय मिश्रा के मार्गदर्शन तथा समाजसेवी संजु मालवीय महिला मण्डल सीहोर की गरिमामयी उपस्थिति में प्रारंभ की गई। संस्था ने कहा कि महिलाओं की गरिमा और सम्मान की रक्षा सामाजिक दायित्व है तथा भविष्य में भी ऐसे लोकहितकारी कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे।

### शतरंज चैंपियनशिप का दो दिनी आयोजन





**देवास।** देवास जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित मध्य प्रदेश अंडर-11 स्टेट सिलेक्शन शतरंज चैंपियनशिप 2026 का दो दिवसीय आयोजन आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता की अध्यक्षता किंडर हाई सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर हेमंत वर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवास जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सुधीर पंडित एवं रागिनी चौहान रहे, जबकि राजीव श्रीवास्तव एवं अजय नागर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष सुधीर पंडित ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 148 बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने कहा कि चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय अंडर-11 शतरंज प्रतियोगिता, जो बेंगलुरु (कर्नाटक) में आयोजित होगी, में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के परिणामों में बालिका वर्ग से प्रथम लावण्या जुनेजा एवं द्वितीय अन्वेषा छज्जलानी, जबकि बालक वर्ग में प्रथम मनित आर्य यादव एवं द्वितीय प्रयान चोपड़ा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में किंडर हाई सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर स्वप्निल वर्मा एवं प्राचार्य विनोद पटेल का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में देवास जिला शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष क्षितेन्द्र सिंह, सहसचिव पावन पाटिल, कुणाल आयचित, पीयूष श्रीवास्तव, मुकेश धुरिया, सरफराज अहमद, मनोज कुशवाहा, मनोज सिंह, आदित्य आचार्य एवं दीपक जैन सहित सभी पदाधिकारियों, विद्यालय स्टाफ एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी पदाधिकारियों ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता का संचालन चीफ आर्बिटर एवं डिप्टी आर्बिटर हर्षित श्रीवास्तव द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। अंत में पवन यादव ने आभार व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों, खिलाड़ियों, विद्यालय परिवार एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सफल एवं यादगार रही।

# तीन माह से वेतन नहीं, सफाईकर्मी हड़ताल पर

## सोनकच्छ में नगर परिषद के अधिकारी नहीं ले पा रहे एक्शन







**सोनकच्छ। नगर परिषद स्वयं की लापरवाही की वजह से विगत कई महीनों से आर्थिक मार झेल रही है। नप में जरूरत से ज्यादा कर्मचारी होने की वजह से वह स्थायी कर्मचारियों को भी समय पर तनख्वाह नही दे पा रही है। जिसकी वजह से कर्मचारी हड़ताल करने पर मजबूर है। वहीं नप में जवाबदार अधिकारी कोई एक्शन लेने को तैयार नही है। नियमों के मुताबिक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बार बार हड़ताल करते है तो नप सीएमओ को अधिकार है कि वे उनकी सेवा समाप्त कर सकते है लेकिन यहां सीएमओ हड़ताल में उनका साथ दे रहे है जो कि समझ से परे है। नपकर्मियों को 3 माह का वेतन नहीं मिला है। इस वजह से नगर में रविवार को सफाई कार्य बंद कर दिया गया।**

**नगरवासियों ने कलेक्टर से एस्मा लागू करने की मांग की-** नप सफाईकर्मियों द्वारा बार बार हड़ताल पर जाने के कारण नगरवासी आक्रोशित है। उनका कहना है कि, नप में अधिकतम 80 नपकर्मियों की जरूरत है लेकिन यहां पर 157 कर्मचारी भर्ती कर रखे है। जिसमें अधिकांश ऐसे कर्मी भी है जो नियमों के विपरीत लगे है साथ ही शासन द्वारा उन्हें हटाने के आदेश भी जारी हो चुके है लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति व अधिकारियो के ढील पोल रवैये की वजह से उन्हें हटाया नही जा रहा है। जिसके कारण करीब 15 से 17 लाख रुपए का अतिरिक्त आर्थिक भार नप वहन कर रही है। इतना ही नही यह राशि जो कि नगर की मुलभुत सुविधा के लिए आती है उसे तनख्वाह बांटने पर खर्च की जा रही है। साथ ही कई बार तनख्वाह बांटने के नाम पर विभिन्न योजनाओं के तहत चल रहे विकास कार्य की राशि इसमें लगा दी जाती है जिसके कारण विकास भी अवरूद्ध हो जाता है। नगरवासियो ने कलेक्टर से मांग की है कि, नप में एस्मा लागू किया जाएं ताकि कर्मचारी दादागिरी करते हुए बेवजह हड़ताल पर न जा सकें। इन कर्मचारियों की वजह से आमजन को परेशानी नही उठानी पड़े। इस मामले में जब सीएमओ अमरदास सेनानी से चर्चा करना चाही तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

> **सफाई व्यवस्था ठप, जगह-जगह कचरे का ढेर-**
>
> सफाईकर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से नगर में रविवार को सफाई नही हो सकी। जिसके कारण मुख्य मार्ग सहित कॉलोनियों में कचरे इधर उधर बिखरा पड़ा रहा है। जिसके कारण स्वच्छता कर देने वाली नगर की जनता अपने आपको ठगा महसूस कर रही है। बता दें कि सोनकच्छ नप पूरे प्रदेश में इकलौती ऐसी परिषद है। जिसके चार पूर्ण होने के बाद यहां पर सफाईकर्मियों के द्वारा डेढ़ दर्जन से अधिक बार हड़ताल हो चुकी है। सफाईकर्मी जब चाहे जब हड़ताल पर चले जाते है और उन पर नप अधिकारी व जनप्रतिनिधि द्वारा कोई भी कार्रवाई प्रचलित नही की जाती है।

# 1 पेड़ मां के नाम पौधारोपण में व्यापक भ्रष्टाचार की शिकायत

## लोकायुक्त भोपाल सहित पीएस-सीएस को भी भेजा पत्र



**देवास। ईदगाह रोड निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट महमूद शेख द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई एक पेड़ मां के नाम योजना में देवास नगर निगम के अधिकारियों ने वह कारनामा कर दिखाया है कि जिन वार्डों के चिन्हित स्थानों पर योजना के अनुरूप पौधारोपण व पेड़ लगाना थे उन स्थान पर पौधारोपण नहीं करते हुए अधिकारियों ने पीएम की योजना एक पेड़ मां के नामष् को ही चुनौती दे डाली और लाखों की यह योजना निगम के विभाग प्रभारी जगदीश वर्मा और दिनेश चौहान द्वारा राज्य और केंद्र शासन द्वारा जारी की गई राशि को बाले बाले हड़प कर बंदरबांट कर दी गई।**

महमूद शेख ने कहा है कि यह मुद्दा पूर्व में भी परिषद की मीटिंग में उठाया गया था जिसमें प्रति पौधा लगभग 761 रूपये खर्च के बिल लगाए गए पर भौतिक रूप से पौधारोपण नहीं किया गया पर आज तक इन भ्रष्ट, निकम्मे, पंगु अधिकारियों पर निगमायुक्त द्वारा कार्रवाई नहीं की गई और इन भ्रष्ट अधिकारियों ने योजना की राशि आपस में बांट ली, जिसमें वित्त प्रभारी लिखा बाबू सहित अन्य वरिष्ठ जिम्मेदार अधिकारी भी शामिल हैं।

शिकायतकर्ता श्री महमूद शेख ने कहा है कि निगम के भ्रष्ट अधिकारियों ने निगम को भ्रष्टाचार का अड्डा बना लिया है और निगमायुक्त की सख्त कार्यप्रणाली भी इन भ्रष्टों पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है उल्टे जिन भ्रष्टों पर लोकायुक्त और ईडब्ल्यूओ की गंभीर जांच चल रही है उन भ्रष्ट अधिकारी जैसे (1) जितेंद्र सिसोदिया (2) जगदीश वर्मा (3) दीपक पटेल (4) कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती (5) एस.के. तिवारी सहित अन्य भ्रष्ट अधिकारियों को निगमायुक्त ने मलाईदार विभाग सौंप दिए हैं और कार्यपालन यंत्री द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए दिन-ब-दिन प्रत्येक वार्ड के टेंडर निकाले जा रहे हैं जिसकी भी मेरे द्वारा लोकायुक्त विभाग सहित शासन स्तर पर लगातार शिकायत की जाएगी। महमूद शेख ने निगमायुक्त से मांग की है कि एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण योजना की चिन्हित स्थान व दस्तावेजों की जांच कर दोषी अधिकारियों जगदीश वर्मा, दिनेश चौहान, वित्त प्रभारी दीपक पटेल, लेखा बाबू दिलीप गर्ग सहित अन्य को निलंबित किया जाए।

# विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



**देवास।** विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर देवास शहर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। 9 अगस्त को मनाए जाने वाले विश्व आदिवासी दिवस को लेकर समाज के वरिष्ठ जनों ने विस्तृत चर्चा की और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। बैठक में देवास शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से कमल सिसोदिया, बलदेव सिंह राठौर, संदीप ठाकुर, अंकित सिसोदिया, अनिल बरला, महेश रावत, गोविंद इवने, भानुप्रताप उईके, आशीष उईके, प्रीतम बामनिया, पालसिंह अलावे, सुरेश कवदेती, रवि भगत, मनोज निराला, शशि बैरागी, राकेश उराव तथा सचिन देवड़ा ने बैठक में भाग लिया। सभी ने मिलकर इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस को पिछले वर्षों की भाँति बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाने का संकल्प लिया।

बैठक में कार्यक्रम की मुख्य रूपरेखा तैयार की गई जिसमें आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और उपलब्धियो को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक नृत्य, संगीत और लोक कलाओं का प्रदर्शन, युवाओं को आदिवासी इतिहास व गौरव से जोड़ने वाले कार्यक्रम, सम्मान समारोह एवं चर्चा सत्र पर विस्तार से चर्चा की गई। समाज के वरिष्ठजन ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस आदिवासी समुदाय की पहचान, अधिकारों और योगदान को मुख्यधारा में लाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी समाजजनों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग करने की अपील की।

# मानसून की बेरुखी के बीच इंद्र देव को मनाने ग्रामीण कर रहे पारंपरिक जतन



**बागली।** मानसून की बेरुखी और अच्छी वर्षा की कामना को लेकर क्षेत्र के ग्राम पोला खाल एवं पोटला में रविवार को पारंपरिक खेड़ा पूजन का आयोजन किया गया। गांव के प्रमुखों एवं ग्रामीणों ने गांव के देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर इंद्र देव से सुखद एवं समय पर वर्षा होने की प्रार्थना की। पूजन के बाद दोनों गांवों में पारंपरिक बाग रसोई का आयोजन किया गया। मंदिरों में भजन-कीर्तन हुए और ग्रामीणों ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। गांवों में आज भी वर्षों पुरानी परंपरा दिखाई देती है।

मान्यता है कि जब मानसून कमजोर पड़ जाता है या वर्षा में लंबा अंतराल आता है। तब इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए खेड़ा पूजन और बाग रसोई का आयोजन किया जाता है। ग्रामीणों का विश्वास है कि इस आयोजन के कुछ दिनों बाद अच्छी वर्षा अवश्य होती है। इस अवसर पर पूरे गांव में विशेष उत्साह का माहौल रहा। ग्रामीणों ने अपने कृषि कार्य, मजदूरी और दुकानों का संचालन भी दिनभर बंद रखा तथा सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना में शामिल हुए। इसके बाद परिवारों ने गांव से बाहर खेतों, खलिहानों, बाग-बगीचों, मंदिरों और नदी किनारे पहुंचकर दाल-बाटी सहित पारंपरिक व्यंजन बनाए और सामूहिक भोजन का आनंद लिया। बाग रसोई के दौरान बच्चों के लिए झूले भी बांधे गए, जिनका उन्होंने भरपूर आनंद लिया। धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना से जुड़ी यह परंपरा आज भी ग्रामीण संस्कृति की पहचान बनी हुई है।

# लोहारदा के निजी स्कूलों पर प्रशासन की सख्ती, सतत रहेगी निगरानी

**लोहारदा।** निजी विद्यालयों में नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकासखंड शिक्षा अधिकारी कन्नौद लखन सोलंकी ने 18 जुलाई को संकुल शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहारदा, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहारदा तथा शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांटाकोड़ का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने संबंधित प्राचार्यों को निरीक्षण दल गठित कर क्षेत्र के निजी विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निजी विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता, निर्धारित मूल्य सूची, विद्यालयी गणवेश, परिवहन वाहनों की फिटनेस तथा विद्यार्थियों से वसूली जाने वाली फीस एवं निधारित शुल्क सूची का परीक्षण करने के आदेश दिए गए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में निजी विद्यालयों की गतिविधियों पर अब सतत निगरानी रखी जाएगी तथा समय-समय पर औचक निरीक्षण कर नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। यदि किसी विद्यालय में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण के दौरान सहायक दिनेश चौबे भी उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर किया विशाल धरना प्रदर्शन




**देवास।** आज किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान कि अध्यक्षता एवं राहुल पटेल ब्लॉक किसान कांग्रेस कन्नोद के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर कन्नौद के झंडा चौक पर विशाल विरोध प्रदर्शन एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना का प्रतीकात्मक पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों की प्रमुख मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन में ई-टोकन खाद वितरण व्यवस्था समाप्त करने, मूंग की 100 प्रतिशत सरकारी खरीदी सुनिश्चित करने, रेलवे लाइन हेतु अधिग्रहित भूमि का चार गुना मुआवजा देने तथा अतिवृष्टि से खेतों में हुए जलभराव एवं फसल नुकसान का तत्काल सर्वे कर उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। कार्यक्रम को किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान,जिला प्रभारी विनय बाकलीवाल ,पूर्व विधायक कैलाश कुंडल ,बंटू गुर्जर पी सी सी सदस्य,पूर्व जनपद अध्यक्ष ओम पटेल ,मनोज होलानी एवं मुकेश पटेल ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने किसानों के अधिकारों और उनकी जायज़ मांगों के समर्थन में अपनी बात रखते हुए सरकार से तत्काल समाधान की मांग की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अकरम खान,नगर कांग्रेस अध्यक्ष तेजस्वी मांजरेकर, किसान कांग्रेस के महासचिव कपिल लाठी, किसान कांग्रेस के सचिव दीपक शर्मा, विनोद चावड़ा,सौरभ मालिया,सुनील यादव,अजय गुर्जर,लाल पटेल,दिनेश बरड़,नारायण कुमावत,नूर खान,सुरेश घसाल,आमीन ताज, मनीष पटेल, रमजान खान,चिमना बात, राजेश बिश्नोई,सुनील वर्मा,बाबू पटेल,अकबर पटेल, अशोक अचेरा,फारूक शेख,राधू पहलवान, कैलाश शेट्टी,सीताराम देवड़ा,सुरेश कुमावत, शिव नागोरी,इरशाद खान, शेरखा पटेल, इलियास खान,रवि परमार, सत्यनारायण पटेल,पवन जाट,शाहिद खान, महेश पांडिया,राजेश गुर्जर,राकेश भाकर, आरिफ, गुड्डी पटेल, संतु पटेल, जगदीश गोरिया, नारायण गरीड़, सुरेश काली राणा, मदन जयसवाल, मनोज पटेल, अकबर, डॉ. महेंद्र गुर्जर, सफदर खान, कमला जाट, जयपाल कर्मा, हरि जी राठौड़, राजेश जलोदिया, जीतू जी, जीतू खा, रामप्रसाद धूलिया सहित कांग्रेस एवं किसान कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में किसान साथी उपस्थित रहे।

**एक नजर** — नींद छोटी मौत और मौत बड़ी नींद है : अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी

# राष्ट्रीय सबरस कवि यादव और अपर कलेक्टर ने लिया आशीर्वाद



**सोनकच्छ।** पुष्पगिरी तीर्थ पर शनिवार को राष्ट्रीय सबरस कवि श्री शशिकांत यादव देवास तो रविवार सुबह अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन पुष्पगिरी तीर्थ पहुंचे। उन्होंने तीर्थ में विराजमान गणाचार्य 108 पुष्पदंत सागर महामुनिराज एवं अंतर्मना आचार्य 108 प्रसन्न सागर मुनिराज ससंघ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जहां गणाचार्य श्री तिलक लगाकर तो गुरुदेव प्रसन्न सागर जी महाराज ने पुस्तक भेंट कर श्री यादव व जैन का सम्मान किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ने भगवान के कलशाभिषेक देखें व संघ की आहारचर्या का लाभ भी उठाया।

वही अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ने जिनागम समयसार ग्रन्थ के स्वाध्याय के दौरान अपने संघ के शिष्यों व भक्तों कहा कि जब तक संसार में हो संसार परिवार पूछेगा तुम्हारे पास क्या है और जब मृत्यु आएगी तब परमात्मा पूछेगा तुम्हारे साथ क्या है। ध्यान रखना श्वास लेना जीवन है और श्वास छोड़ना मृत्यु है। में ये नहीं कह रहा कि पैसा धन दौलत न कमाओ जीवन में बहुत पैसा संपत्ति जुटाओ घर अच्छा बनाओ गाड़ी लाओ बँगला बनाओ लेकिन शाम को एक चिंतन जरूर करना एक दिन अब छोड़ के जाना है। अगर साथ में कुछ जाना है तो वह हे आप का पुण्य .. .इसलिए अपने जीवन में सांसारिक कार्य के साथ पुण्य का संचय भी करो।

> उन्होंने कहा कि नींद छोटी मौत है और मौत बड़ी नींद है जीवन में सही ओर गलत का पता होते हुए भी आप पाप कार्य कर रहे हो तो तुम अपना अहित कर रहे हो। अपना हित चाहते हो तो परवस्तु को अपना मानना बंद करो और शुभ के कार्यों में अपना जीवन लगाओ। जानकारी प्रवक्ता रोमिल जैन ने दी।

# लगातार चातुर्मास रामायण पाठ शतायु की ओर

**कन्नौद। नगर के तालाब स्थित हनुमान मंदिर में लगातार 84 वर्ष से चातुर्मास रामायण पाठ चल रहा है। स्व श्री कालूराम जी भारतीय के द्वारा शुरू किए इस आध्यात्मिक ज्ञान की गंगा अविरल बहती चल रही है। कभी एक दो धर्मार्थ से शुरू हुआ रामायण पाठ आज मंदिर हाल ही छोटा पड़ने लगा है।**

प्रतिदिन शाम ढलते मंदिर हाल में भक्तों का सैलाब फिर एकाग्रता से रामायण पाठ का वाचन बीच में चौपाई का भावार्थ उपस्थित भक्तों की जिज्ञासा से उठते सवाल सामाजिक चर्चा,जैसे मुद्दों पर चलती चर्चा का अद्भुत संगम इस रामायण पाठ का हिस्सा बन चुका है। स्व श्री कालूराम जी भारतीय की स्मृति को उनके सात पुत्रों में तीसरे पुत्र श्री बिष्णु प्रसाद भारतीय ने आधुनिक काल की आवश्यकता के अनुरूप सजाकर एक एक मोती जोड़कर बड़ी माला का आकार दिया है। शांत एकाग्र चित्त भक्तिमय पाठ में अनेक श्रृध्दावान श्रृवण करने आते हैं। इस महापरायण का शुभारंभ 25 जुलाई से शाम सात बजे से शुरू होकर देर रात्रि आठ बजे तक आरती प्रसाद से समाप्त होगा। यही क्रम प्रतिदिन अपने निर्धारित समय पर चार माह तक चलता रहेगा। उपरोक्त जानकारी रामायण मंडल प्रमुख बिष्णु प्रसाद भारतीय ने दी है।